**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न सं. 779 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024/4 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**सागरमाला परियोजनाएं**

**† 779. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सागरमाला योजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं तथा सरकार द्वारा देश में पत्तन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) आज की तिथि के अनुसार, सागरमाला योजना, 2023 के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्वीकृत/शुरू की गई परियोजनाओं की संख्या, स्वीकृत निधि तथा परियोजना की स्थिति क्या है;

(ग) सागरमाला योजना के अंतर्गत सहायता के माध्यम से शुरू की गई परियोजाओं का ब्यौरा क्या है तथा आज की तिथि के अनुसार, बंदरगाह आधुनिकीकरण और कनेक्टिविटी के संबंध में स्थिति क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा कर्नाटक, विशेषकर कारवार, हंगरकट्टा, कुंदापुरा, ओल्ड मैंगलोर, मालपे और पदुबिद्री में पत्तन अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख):** भारत की 7,500 कि.मी. लंबी तटरेखा और 14,500 कि.मी. नौचालन संभाव्य जलमार्गों का उपयोग करके देश में पत्तन आधारित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सागरमाला, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की एक प्रमुख केन्द्रीय क्षेत्रक योजना है। सागरमाला योजना के तहत मंत्रालय, राज्य सरकारों संघ शासित क्षेत्रों को पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ परियोजनाओं, सड़क एवं रेल परियोजनाओं, मत्स्यन बंदरगाहों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय समुदाय विकास, क्रूज टर्मिनल और रो-पैक्स फेरी सेवाओं आदि जैसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। परियोजनाओं की संख्या, स्वीकृत निधियों, राज्य-वर परियोजना स्थिति का विवरण संलग्न [अनुबंध-I] है।

**(ग):** सागरमाला योजना के तहत सहायता के साथ शुरू की परियोजनाओं के साथ पत्तन आधुनिकीकरण और संपर्कता की स्थिति अनुबंधित **[अनुबंध-II]** है।

**(घ):** कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर, मंत्रालय ने सागरमाला योजना के तहत राज्य के विभिन्न स्थानों के लिए पत्तन आधुनिकीकरण, तटीय पोत परिवहन एवं आईडब्ल्यूटी और तटीय समुदाय विकास संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता पर स्वीकृति प्रदान की है। कर्नाटक राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण अनुबंधित **[अनुबंध-III]** है।

अनुबंध 1:

| राज्य/के. शा. प्रदेश | परियोजनाओं की सं. | कुल स्वीकृत निधियां (करोड़ ₹ में) | कुल परियोजना लागत (करोड़ ₹ में) | पूरी की गई (करोड़ ₹ में) | | विकासाधीन (करोड़ ₹ में) | | कार्यान्वयनाधीन (करोड़ ₹ में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | परियोजनाओं की सं. | कुल परियोजना लागत | परियोजनाओं की सं. | कुल परियोजना लागत | परियोजनाओं की सं. | कुल परियोजना लागत |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3 | 46 | 46 | 1 | 13 | 0 | 0 | 2 | 32 |
| आंध्र प्रदेश | 13 | 429 | 2,483 | 7 | 1,114 | 1 | 73 | 5 | 1,295 |
| गोवा | 9 | 170 | 763 | 5 | 85 | 0 | 0 | 4 | 677 |
| गुजरात | 10 | 969 | 1,422 | 3 | 364 | 1 | 33 | 6 | 1,024 |
| कर्नाटक | 18 | 214 | 537 | 3 | 71 | 10 | 44 | 5 | 422 |
| केरल | 8 | 110 | 252 | 5 | 122 | 0 | 0 | 3 | 131 |
| महाराष्ट्र | 30 | 794 | 1,905 | 16 | 790 | 0 | 0 | 14 | 1,115 |
| ओडिशा | 6 | 159 | 350 | 1 | 4 | 2 | 160 | 3 | 186 |
| पुडुच्चेरी | 2 | 30 | 30 | 1 | 27 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| तमिलनाडु | 22 | 513 | 1,225 | 14 | 1,004 | 2 | 15 | 6 | 206 |
| पश्चिम बंगाल | 9 | 280 | 569 | 6 | 404 | 0 | 0 | 3 | 165 |
| **Total** | **130** | **3,714** | **9,580** | **62** | **3,999** | **16** | **326** | **52** | **5,255** |

अनुबंध 2:

| परियोजना स्तंभ | कुल | | पूरी की गई | | कार्यान्वयनाधीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं की सं. | परियोजना लागत (करोड़ ₹ में) | परियोजनाओं की सं. | परियोजना लागत (करोड़ ₹ में) | परियोजनाओं की सं. | परियोजना लागत (करोड़ ₹ में) |
| पत्तन संपर्कता | 17 | 1,259 | 14 | 655 | 3 | 603 |
| पत्तन आधुनिकीकरण | 16 | 860 | 10 | 521 | 6 | 340 |
| **कुल योग** | **33** | **2,119** | **24** | **1,176** | **9** | **943** |

अनुबंध 3:

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | परियोजना स्तंभ | परियोजना लागत (करोड़ ₹ में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सैंडपिट बेंग्रे, कर्नाटक में बर्थिंग सुविधाओं और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 1.70 | विकासाधीन |
| 2 | बंदारु फेरी, कर्नाटक में बर्थिंग सुविधाओं और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 1.78 | विकासाधीन |
| 3 | सुल्तान बाथेरी, कर्नाटक में बर्थिंग सुविधाओं और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 5.06 | विकासाधीन |
| 4 | थन्निरभावी चर्च, कर्नाटक में बर्थिंग और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 5.23 | विकासाधीन |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | परियोजना स्तंभ | परियोजना लागत (करोड़ ₹ में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 5 | बांगराकुलुरु, कर्नाटक में बर्थिंग और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 3.41 | विकासाधीन |
| 6 | कुलुर ब्रिज। कर्नाटक में बर्थिंग और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 4.58 | विकासाधीन |
| 7 | जप्पिना मोगारु रा.रा. ब्रिज, कर्नाटक में बर्थिंग और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 5.28 | विकासाधीन |
| 8 | ओल्ड मैंगलोर पत्तन में तटीय कार्गो बर्थ का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 65.00 | कार्यान्वियनाधीन |
| 9 | कर्नाटक के उडुपी जिले में मालपे के मौजूदा फिशिंग हार्बर के आधुनिकीकरण सहित तीसरे चरण का विस्तार | तटीय समुदाय विकास | 50.00 | पूरी की गई |
| 10 | उत्तर कन्नड़ के अमादल्ली में मौजूदा फिशिंग हार्बर का आधुनिकीकरण | तटीय समुदाय विकास | 19.00 | पूरी की गई |
| 11 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण I - कर्नाटक | तटीय समुदाय विकास | 1.53 | पूरी की गई |
| 12 | कुलाई में फिशिंग हार्बर का विकास | तटीय समुदाय विकास | 197.00 | कार्यान्वियनाधीन |
| 13 | उडुपी जिले में हेजामाडी कोडी में फिशिंग हार्बर का विकास | तटीय समुदाय विकास | 139.00 | कार्यान्वियनाधीन |
| 14 | कर्नाटक के कारवार पत्तन में अग्निशमन उपकरणों की स्थापना | पत्तन आधुनिकीकरण | 19.00 | कार्यान्वियनाधीन |
| 15 | कारवार तालुका में काली नदी (रा.ज. 52) में जलमार्गों का विकास (चरण 1) | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 9.54 | विकासाधीन |
| 16 | जप्पिना मोगारु ओल्ड फेरी, कर्नाटक में बर्थिंग सुविधाओं और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 5.23 | विकासाधीन |
| 17 | कर्नाटक के उत्तरी सैंडबार में बर्थिंग एवं लैंडसाइड सुविधाओं का निर्माण | तटीय पोत परिवहन और आईडबल्यूटी | 2.22 | विकासाधीन |
| 18 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण II - कर्नाटक | तटीय समुदाय विकास | 2.18 | कार्यान्वियनाधीन |
| **कुल** | | | **537** | |

*****